कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

विज्ञप्ति संख्या– 19 / 2026 दिनांक– 01 जून, 2026

:– असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) परीक्षा– 2025:–

उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों (बैकलॉग सहित) पदों पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 521, दिनांकः 14 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में बोर्ड के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 396, दिनांक **15 मई 2026** द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त **16** पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अनुक्रमांकवार अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया गया था। असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों में से श्रेणी–उपश्रेणीवार रिक्त एक पद के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाना है। साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की कट–ऑफ अंक तालिका प्रसारित की गई है। कट–ऑफ अंक धारित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन दिनांक **17 जून 2026 (बुधवार)** को निर्धारित किया गये है। साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की पृथक से प्रवेश पत्र जारी किये जायेंगे जिसे अभ्यर्थी दिनांक **10 जून 2026 (बुधवार)** से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। साक्षातकर / अभिलेख सत्यापन सम्बन्धी विस्तृत सूचना चयन बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org पर उपलब्ध है।

ह0 / –

(प्रदीप जोशी)

सचिव